Bareilly, Monday,
14 April 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.00/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO: 04 BOTTOM

# बासुबरल ने आरएन टैगोर को नौ विकेट से दी मात




● विजेता टीम के खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (13 April): एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को बासुबरल सरस्वती विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल और एरएन टैगोर इंटर कालेज के बीच मैच खेला गया. इसमें बासुबरल ने आरएन टैगोर को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी. एक छक्के और 11 चौकों की मदद से 32 गेंद पर नाबाद 56 रन बनाने के साथ दो विकेट हासिल करने वाले बासुबरल के कप्तान शिवप्रताप को मैन आफ द मैच चुना गया.

## आरएन टैगोर ने जीता टास

श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित टूर्नामेंट में टास जीत कर आरएन टैगोर इंटर कालेज के कप्तान अभिषेक सक्सेना ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. इस फैसले को बासुबरल के गेंदबाजों ने चुनौती दी. पहले ही ओवर में बिना खाता खुले आरएन टैगोर के कप्तान अभिषेक सक्सेना को बासुबरल के कप्तान शिव प्रताप ने कैच आउट कर पैवेलियन भेज दिया. इसके बाद नियमित अंतराल पर आरएन टैगोर के विकेट गिरते रहे और पूरी टीम 18 ओवर में 87 रन पर ढेर हो गई. इसमें यश ने 17 रन, आशु सक्सेना ने नाबाद 25 रन और सुमित यादव ने 10 रन का योगदान दिया. छोटे स्कोर का पीछा करने उतरी बासुबरल की टीम के बल्लेबाजों ने 9.4 ओवर में 89 रनों के साथ लक्ष्य हासिल कर लिया. इसमें कप्तान शिव प्रताप के 56 रन और विक्की शर्मा के 14 रन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. दोनों अंत तक आउट नहीं हुए.